प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 29 जनवरी, 2025 :-

(1) राष्ट्र सेविका समिति एवं रांची विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आर्यभट्ट सभागार, राँची में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह का आयोजन

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की अप्रतिम प्रतीक: राज्यपाल

मानननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज राष्ट्र सेविका समिति, राँची महानगर एवं स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आर्यभट्ट सभागार, रांची में आयोजित 'लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह' के अवसर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की अप्रतिम प्रतीक बताते हुए कहा कि वे केवल एक कुशल प्रशासिका ही नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और परोपकार की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने शिक्षा, कला, संस्कृति और धर्म के संरक्षण हेतु अनुकरणीय कार्य

किए। उनकी शासन-व्यवस्था पूर्णत: प्रजा के हितों पर केंद्रित थी, जिससे समाज को नई दिशा प्रदान की।

राज्यपाल महोदय ने काशी विश्वनाथ मंदिर एवं अन्य धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब हम 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' की ओर अग्रसर हैं, तब अहिल्याबाई जैसी महान विभूतियों के योगदान से हमें नई प्रेरणा मिलती है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन न केवल प्रशासनिक दक्षता, बल्कि परोपकार और नारी सशक्तिकरण का भी सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने इस समारोह के आयोजन के लिए राष्ट्र सेविका समिति एवं रांची विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया कि यह प्रयास लोकमाता अहिल्याबाई की प्रेरणादायी गाथा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होगा।